प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मऊ में 392 करोड़ रुपए से अधिक को 114 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में बदली है भारत की तस्वीर।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीनों के भीतर आदेश सुनाने का दिया निर्देश।
3. हमीरपुर में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरने से 6 मजदूरों की मौत : मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गए श्रमिकों के आश्रितों को 5–5 लाख रुपये की सहायता राशि देने के दिए निर्देश। और
4. प्रदेश में बीती देर रात आए आंधी–तूफान से जनजीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने अगले 24 घंटो में राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और बिजली गिरने की जारी की चेतावनी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मऊ में 392 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 114 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार

विकास लेकर आती है। यह विकास बिना भेदभाव नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर सौंपी तो सभी ने 12 वर्ष में बदलते भारत को देखा। श्री योगी ने बताया कि आज प्रदेश में 10 करोड़ लोगां को आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मऊ से विभिन्न शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर हो गई है। बाइट.....

*मऊ जनपद आज फिर से एक नई विकास की यात्रा में आगे बढ़ा है। इस विकास यात्रा के सहयात्री आपके सामने है। कोई सोचता था कि गोरखपुर से वाराणसी का मार्ग फोर लेन का होगा। कोई सोचता था कि मऊ से लखनऊ की दूरी अब मात्र 3 घंटे की हो जाएगी। तो यहां आपके लिए प्रदेश की राजधानी इतनी नजदीक हो गई। गोरखपुर नजदीक हो गया, काशी नजदीक हो गया, प्रयागराज की दूरी घट गई, कितनी अच्छी कनेक्टिविटी।*

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी, लैपटॉप, स्वीकृति पत्र आदि देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने मऊ के ताजोपुर में ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दिए गए पंचप्रण का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना गांवों के विकास से ही साकार होगा। बाइट.....

*गांव स्वावलंबी होंगे तो आत्मनिर्भरता की इकाई हम गठित कर पाएंगे। ग्रामीण आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को आगे बढ़ने के समय एक प्रयास है और यही तो प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों के सामने कहा था, विकसित भारत की संकल्पना भारत विकसित होगा तब जब प्रदेश विकसित होगा। प्रदेश विकसित होगा तब जब जनपद विकसित होगा और जनपद विकसित तब होगा जब ताजोपुर जैसे गांव विकसित होंगे।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरो चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कृषि, राजस्व के क्षेत्र में तमाम रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत व खलिहालों से होकर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए। शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। बाइट.....

*वे देश के किसानों के मसीहा थे और उनका स्पष्ट कहना था कि देश के विकास का रास्ता गांव के खेत और खलिहानों से होकर के जाता है और इसलिए विकास के एजेंडे में किसान होना चाहिए। किसान सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए। उन्हें ध्यान में रख कर के शासन की योजनाएं तैयार होनी चाहिए।*

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज देश के सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणोय क्षति हो सकती है। एक रिपोर्ट.....

*सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय की आवश्यकता पर बल दिया। पीठ ने कहा कि जमानत आवेदनों पर आदेश उसी दिन या अगले दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि जमानत या सजा निलंबन का आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद जेल अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य है। विचाराधीन कैदी को उसी दिन या अधिकतम अगले दिन रिहा किया जाना चाहिए। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।*

———————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पेपर लीक की घटना बेहद दुर्भाग्यपर्ण है। डीडी न्यूज़ को दिए एक विशेष साक्षात्कार में श्री प्रधान ने आश्वासन दिया कि पुनर्परीक्षा प्रक्रिया उचित और व्यवस्थित तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न की जाएगी। बाइट.....

*जो घटना हुई है यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है, नहीं होनी चाहिए था। अभी दोबारा जब हमनेयह री–नीट की घोषणा किया है वो री–नीट सुव्यस्थिति हो जाए। इसमें निर्भूलता के साथ हो। यह अभी हमारा दायित्व है इस काम पे सभी का सहयोग हम अपेक्षा रखते हैं।*

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज जन भवन में स्थापित हाइड्रोपोनिक चारा उत्पादन इकाई का उद्घाटन औऱ अवलोकन किया। यह इकाई जन भवन गौशालामें गौवंशों को वर्ष भर मानक के अनुरूप पर्याप्त, पौष्टिक और रसायन मुक्त हरा चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। यह हाइड्रोपोनिक चारा उत्पादन इकाई प्रतिदिन लगभग 100 किलोग्राम हरा चारा उत्पादन करने में करने में सक्षम है।

——————————

निपुण भारत मिशन के तहत राज्य स्तर पर कार्यरत मिशन के जिला समन्वयक और जिला समन्वयक प्रशिक्षण के लिए 1 और 2 जून को राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी, लखनऊ में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में प्रदेश के सभी 75

जनपदों के जिला समन्वयक प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारन के लिए लगातार कार्य कर रही है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान विकसित करने के साथ–साथ विद्यालयों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

————————

जनपद हमीरपुर के ललपुरा थाना क्षेत्र के मोरांकादर गांव के पास बीती रात बेतवा नदी में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरने से 6 मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि कुछ घायल हो गये। एस डी आर एफ को टीम बचाव कार्य में लगी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में श्रमिकों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री योगी ने मृतकों के आश्रितों को 5–5 लाख रुपये तथा घायलों को 50–50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

————————

प्रदेश में बीती देर रात आए तेज आंधी–तूफान, बारिश व आकाशीय बिजली से कई जिलों में भारी नुकसान तथा जनजीवन प्रभावित हुआ है। सहारनपुर के सिद्धपीठ माता शाकंभरी देवी क्षेत्र में शिवालिक पहाड़ियों में हुई तेज

बारिश के बाद अचानक आए पानी के बहाव से कई वाहन बह गए। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों में भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को तत्काल फील्ड में जाकर सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और राहत राशि शीघ्र जारी करन के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और हर तीन घंटे में स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

———————

अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर परिसर में बने मां भगवती के मंदिर के शिखर पर आज ध्वजारोहण किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति और साध्वी ऋतंभरा ने ध्वज को शिखर पर स्थापित किया।

———————

वित्तीय वर्ष 2026–27 में संस्कृति विभाग द्वारा संग्रहालयों की स्थापना, विकास एवं क्यूरेशन कार्य की 17 नवीन परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। इन परियोजनाओं

के तहत संग्रहालयों की स्थापना, उच्चीकरण, नवीनीकरण, क्यूरेशन आदि के कार्य कराए जाएंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संग्रहालयों की स्थापना से जनपद की दुर्लभ वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा तथा नई पीढ़ी को अपनी समृद्धि संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास से जोड़ा जाएगा।

(समाप्त)